

# नवजात का वजन करना

# उद्देश्य

- नवजात का वजन ज्ञात करने का सही तरीका जानना।
- वजन लेना क्यों आवश्यक है के बारे में जानना।
- वजन ज्ञात करते समय किन–किन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है इसके बारे में जानना।

# परिचय

1 प्रत्येक नवजात के जन्म लेने के पश्चात् उसका जन्म वजन लेना एक आवश्यक कदम है।

2 बच्चे का वजन उसके सामान्य स्वास्थ्य स्तर की जानकारी, स्वास्थ्य सम्बन्धी देखभाल की योजना बनाने, आयु के अनुसार उसके वृद्वि विकास का आंकलन करने एवं उसके पोषण की आवश्यकताओं के निर्धारण के लिए जरूरी है।

# परिचय

3 यह वजन उसके आयु के अनुसार दूसरे शिशुओं के वजन से तुलनात्मक अध्ययन करने में भी काम आता है।

4 अतः प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी को नवजात का वजन ज्ञात करने का सही तरीका आना/समझना आवश्यक है।

# आवश्यक सामग्री

- शिशु मेनिक्वीन
- वजन मापक (तुला/मशीन) जो सही कार्य कर रही हो
- साफ विसंक्रमित (ऑटोक्लेव्ड) तोलिया या पेपर
- पेन्सिल व रिकॉर्ड बुक
- साबुन, पानी, गॉज पीस, कटोरी, ब्लीचिंग घोल
- सुदृढ समतल सतह

# वजन मापक (तुला/मशीन)

- नवजात का वजन ज्ञात करने के लिए विभिन्न प्रकार के वजन मापक (तुला/मशीन) उपयोग में लिए जाते हैं।






# विधि

1 सर्वप्रथम साबुन व पानी से अपने हाथ साफ करें।

2 वजन ज्ञात करने लिए उपयोग की जाने वाली मशीन/तराजू लें व उसे जांचें कि यह सही स्थिति में कार्य कर रही है या नहीं।

3 सही वजन मशीन को एक समतल सुदृढ सतह पर रखें और देखें कि इसका पलड़ा सामान्य स्थिति में लगा हुआ है या नहीं।

# विधि

4 अब इस तराज़ू के पलड़े में साफ तोलिया या पेपर बिछा कर मशीन को जीरो (0 मार्क) पर सन्तुलित/चिन्हित कर दें।



5 अब नवजात के शरीर से समस्त कपड़े शीघ्रता से उतार कर मशीन के पलड़े के मध्य में लिटाकर सही वजन ज्ञात करें।

# विधि

6 वजन मशीन में वजन पढ़ते समय वजन दिखाने वाली सुई स्वास्थ्य कार्यकर्ता की आंखों की सीध में होनी चाहिए।

7 नवजात को वजन मशीन से उठाकर तुरंत कपड़े पहनाकर मां को दें।

8 वजन रिकॉर्ड बुक में दर्ज करें।

9 मां को नवजात के वजन की जानकारी दें।

10 मशीन से तोलिया/पेपर को हटा दें।

11 अगर मशीन गीली हो जाए तो उसे ब्लीचिंग घोल व गॉज पीस की सहायता से साफ कर सुखाएं।

# वजन ज्ञात करने संबंधी जरूरी जानकारियां

- चाइल्ड ग्रोथ फाउन्डेशन (2012) द्वारा बच्चों का वजन ज्ञात करते समय कपड़ों संबंधी सुझाव
  - –जन्म से 2 वर्ष तक– शिशु के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं होना चाहिए।
  - –2 वर्ष से अधिक आयु– शरीर पर कम से कम कपड़े हों (जूते–चप्पल, जेबों में रखी वस्तु व खिलोनें साथ में न हों)।

# वजन ज्ञात करने संबंधी जरूरी जानकारियां

- वजन संबंधी फॉर्मूलाः– एक से दस (1–10) वर्ष तक के बच्चों का आयु के अनुसार उनका औसत वजन इस प्रकार होना चाहिए–

  –औसत आयु वजन–(आयु वर्षों+4) X 2 = कि.ग्राम

# सरांश

- वजन मशीन सही वजन दर्शा रही है इसकी जांच करें।
- वजन मशीन का पलड़ा लगाकर व उस पर कपड़ा या पेपर बिछाने के बाद शुन्य पर सेट करें।
- नवजात को कम से कम कपड़ों के साथ ट्रे पर लिटाएं।
- वजन को 50 ग्राम के समकक्ष तक पढ़ें।
- नवजात को ट्रे से हटाएं।
- नवजात के वजन को रिकॉर्ड करें।

# धन्यवाद